फाइल सं: 1-7/(10th)/हि.प्र.के.वि./शै./2026/6017-26
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
(Accredited by NAAC with 'A+' Grade with CGPA of 3.42)
(अकादमिक शाखा/Academic Branch)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

धर्मशाला – 176215 दिनांक: 21 नवम्बर, 2026

कार्यालय आदेश

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय का **दसवां (10वां) दीक्षांत समारोह** दिनांक **22 नवम्बर, 2026** को **राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (Government Post Graduate College) के सभागार, धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)** में आयोजित किया जा रहा है। इस गरिमामयी अवसर पर **भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश, श्री सूर्यकांत जी** मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे तथा विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उपाधियाँ एवं स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे।

यह विश्वविद्यालय का एक **महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित अकादमिक आयोजन** है, जिसमें **केंद्र एवं राज्य सरकार के अनेक गणमान्य अतिथि एवं विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी।**

उक्त के सन्दर्भ में, विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकेत्तर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उक्त दीक्षांत समारोह में उपस्थिति अनिवार्य होगी। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निर्धारित Dress Code के अनुरूप परिधान धारण कर दिनांक 22 नवम्बर, 2026 को प्रातः 09:30 बजे तक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धर्मशाला के सभागार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए निर्धारित स्थान ग्रहण करें।

दीक्षांत समारोह हेतु निर्धारित Dress Code निम्नानुसार रहेगा:

i. Female Members: *Sky blue Salwar Kameez or Sari with golden border and black shoes/sandals.*

ii. Male Members: *White Shirt, Black Trousers with Black Shoes and Black half-sleeve Gandhi Jacket.*

इसके अतिरिक्त, सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपना **पहचान-पत्र (Identity Card)** प्रातः 09:30 बजे **सभागार में स्थापित स्टाल** से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

यह कार्यालय आदेश **माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।**

21.11.2026

प्रो. नरेंद्र कुमार सांख्यान
कुलसचिव
दिनांक : नवम्बर, 2026

पृष्ठांकन: समसंख्या।
प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित:

1. अधिष्ठाता (अकादमिक), हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला।
3. वित्त अधिकारी, हि.प्र.के.वि., धर्मशाला,जिला कांगड़ा हि.प्र.।
4. परीक्षा नियंत्रक, हि.प्र.के.वि., धर्मशाला, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
5. निदेशक, कंप्यूटर सेंटर, हि.प्र.के.वि., धौलाधार परिसर, धर्मशाला।
6. पुस्तकालय अध्यक्ष, धैलाधार परिसर, धर्मशाला।
7. विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकेत्तर अधिकारी एवं कर्मचारी, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला।
8. सिस्टम एनालिस्ट, हि.प्र.के.वि - कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
9. जनसंपर्क अधिकारी, हि.प्र.के.वि., धौलाधार परिसर-I, धर्मशाला।
10. माननीय कुलपति के सचिव, कुलपति सचिवालय, धर्मशाला-कृपया माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।